सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद

3/1 लाजपतराय रोड नया कटरा इलाहाबाद–211002

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद, के तत्वाधान में दिनांक 18 सितम्बर 2013 को ''सामाजिक आर्थिक विकास में फलदार वृक्षों की भूमिका'' विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन, प्रदर्श ग्राम–सैदूपुर, इलाहाबाद में किया गया।

यह कार्यक्रम आई. सी. एफ. आर. ई. द्वारा वित्तपोषित परियोजना का आयोजन ''कन्जर्वेशन एण्ड कल्टीवेशन ऑफ इकानांमिकली वेल्यूऐबिल लेसरनोन/लेस यूअिलाइज्ड फ्रूट ट्रीज स्पशीज एण्ड टू डिटरमाइन पॉसिबल केमिकल कम्पोनेन्ट प्रजेंट इन इट्स फ्रूटय'' के अन्तर्गत किया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत हम ऑमरा तथा बड़हल जो कि बहुमूल्य तथा कम ज्ञात फल वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण और संवर्धन कर रहे है।

इस विशिष्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजीव जेटली, डी. डी. एम., नाबार्ड, इलाहाबाद तथा विशिष्ट अतिथि डा. विनय प्रकाश यादव, कोआर्डिनेटर, प्रगति ग्रामोद्योग संस्थान इलाहाबाद थे। डा. कुमुद दुबे, निदेशिका (सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद) के निर्देशन में कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को विलुप्त हो रहे फलदार वृक्षों (ऑमरा, बड़हल) के उत्पादन की तकनीक, महत्व तथा रखरखाव के बारे में डा. अनीता तोमर द्वारा जानकारी दी गयी। इसके अलावा कृषकों को अन्य वृक्ष प्रजातियों (सागौन, सेमल, बकैंन, अधौकी तथा कटहल,) की जानकारी संस्थान के वैज्ञानिकों डा0 कुमुद दुबे, डा0 अनुभा श्रीवास्तव और डा. बी. पी. पाण्डेय, द्वारा दी गयी। इन पौधों से सम्बंधित मुद्रित सामग्री तथा इन वृक्षों की पौध किसानों में निःशुल्क वितरित की गयी।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री राजेन्द्र सिंह (प्रदर्श ग्राम सैदूपुर, इलाहाबद), डा. शिव महेन्द्र सिंह, वरून कुमार मौर्या, आशुतोष कुमार तथा संदीप कुमार त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव जेटली तथा विशिष्ट अतिथि डा. विनय प्रकाश यादव द्वारा ऑमरा, बड़हल तथा अधौकी प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डा. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि श्री राजीव जेठली (डी डी एम, नाबार्ड, इलाहाबाद), विशिष्ट अतिथि डा. विनय प्रकाश यादव (कोआर्डिनेटर, प्रगति ग्रामोद्योग संस्थान, इलाहाबाद) तथा सी. एस. एफ. ई. आर. के वैज्ञानिक।

मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथि पौधा रोपण करते हुए।

सी. एस. एफ. ई. आर. की निदेशिका डा. कुमुद दूबे तथा वैज्ञानिक डा. अनिता तोमर द्वारा पौधा वितरण।